





दिनांक 11.07.2025 को गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटीज टेक्निकल कैंपस, इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कालेज - एन. ए. ए. सी. प्रत्यावर्तित बी + + ग्रेड में रोटरी इंटर्ऐक्ट क्लब, बोकारो द्वारा उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं का सदस्यता के लिये चयन किया गया तथा उनके समक्ष प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया. यह कार्यक्रम को वरीय सदस्या श्रीमती चंद्रिमा राय तथा श्री प्रदीप राय ने प्रस्तुत किया. रोटारेक्ट की टीम ने कालेज के 150 छात्रों को चयनित किया तथा समाजसेवी गतिविधियों के बारे में जागरूक किया. जी. जी. ई. एस. के मैनेजमेंट सदस्य व बोकारो जिला के रोटरी प्रेसिडेंट श्री हरदीप सिंह उपस्थित रहे. कालेज से प्रो. प्रतिभा कुमारी व प्रो. अपूर्बा सिन्हा ने कार्यक्रम का समन्वयन किया. छात्र समन्वयक एम. बी. ए. की छात्रा सुश्री मनज्योत कौर रही. कालेज निदेशक डा. प्रियदर्शी जरुहार ने बताया कि कालेज सर्वांगीण सामुदायिक विकास के लिए कृतसंकल्पित है. संस्थान के माननीय अध्यक्ष श्री तरसेम सिंह एवं सचिव श्री सुरैंद्र पाल सिंह ने इस पहल की सराहना की तथा बधाई दी.